मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-418
15/11/2019

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन पथों का किया निरीक्षण

पटना, 15 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मधेपुरा में एन0एच0– 106 एवं 107 का स्थलीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा–निर्देश दिये।

निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने मधेपुरा में निर्माणाधीन पथों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी पथों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। एन0एच0– 106 का निर्माण एन0एच0ए0आई0 द्वारा किया जा रहा है, जिसका दस मीटर चौड़ीकरण किया जाना है। इसका फेज– 2 का मधेपुरा से पूर्णिया तक का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने मधेपुरा शहर की सड़क को सात मीटर चौड़ी बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में एन0एच0– 106 उदाकिशुनगंज से वीरपुर तक की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। कार्यरत एजेंसियों ने आश्वासन दिया कि कार्य में तेजी लायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने इसे 2020 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि उदाकिशुनगंज से भरगावां 32 किलोमीटर तक दस मीटर चौड़ी सड़क राज्य सरकार ए0डी0बी0 से ऋण लेकर बना रही है, इसे सितम्बर 2020 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया गया कि बैद्यनाथपुर से लिटियाही एवं बिहारीगंज से ग्वालपाड़ा पथ का निर्माण कार्य अगस्त 2020 तक पूरा हो जायेगा। बैठक के क्रम में निर्माणाधीन पथों के भू–अर्जन कार्यों की भी समीक्षा की गयी तथा भू–अर्जन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पथों के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, लघु जल संसाधन मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री रमेश ऋषिदेव, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, सांसद श्री दिनेश चन्द्र यादव, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त कोसी प्रमण्डल श्री के0 सेंथिल कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी मधेपुरा श्री नवदीप शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरीय अभियंतागण एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******